an>

Title: Need to conduct inquiry into the incident of fire in Bharuch industrial area in Gujarat.

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) :** माननीय अध्यक्ष महोदया जी, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में भारी केमिकल उद्योग खासकर दहेज, अंकलेश्वर, पनोली है। इन उद्योगों में आए दिन आगजनी की घटनाएं और गैस लीकेज की घटनाएं, अंकलेश्वर के स्क्रैप गोडाउन में बार-बार आग लगने से इन क्षेत्रों में चिंता का विÂ◌ाय बन गया है। वहां पर लोग भय में हैं।

मैंने इस विषय को स्थानीय स्तर पर भी उठाया था लेकिन आज भी ये घटनाएं हो रही हैं। मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि उपरोक्त घटना को रोकने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाया जाए और पूरे मामले को भारत सरकार के आपदा एवं प्रबंधन विभाग से जांच कराई जाए। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्षः** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।